# पद्य भाग

# मध्ययुगीन काव्य

## 1. कबीर के दोहे

I. एक शब्द या वाक्यांश या एक वाक्य में उत्तर लिखिए ।

1. किसके प्रताप से सब दु:ख दर्द मिटते हैं?
2. कबीर के गुरु कौन थे?
3. कबीर किस पर बलिहारी होते हैं?
4. माटी कुम्हार से क्या कहती है?
5. किसको पास रखना चाहिए?
6. कस्तूरी कहाँ बसती है ?
7. कबीर किसकी राह देखते हैं?
8. क्रोध किसके समान है?
9. दु:ख में मनुष्य क्या करता है?
10. गुरु के मिलने से कबीर की क्या मिट गयी?
11. कबीर के दोनों ओर कौन खड़े हैं?
12. एक दिन माटी किसे रौंदेगी ?
13. निन्दक की कुटी कहाँ बनानी चाहिए?
14. स्वभाव किसके बिना निर्मल हो सकता है ?
15. मृग बन में क्या ढूँढता है?
16. घटि घटि क्या है?
17. जहाँ दया है, वहाँ क्या है?
18. लोभ किसके समान है?
19. पल में क्या हो जाएगा?
20. कबीरदास के अनुसार किसकी जाति नहीं पूछनी चाहिए?
21. साधु से क्या पूछना चाहिए?
22. किसका मोल करना चाहिए?

II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

1. गुरु की महिमा के बारे में कबीर क्या कहते हैं?
2. जीवन की नश्वरता के बारे में कबीर के क्या विचार हैं?
3. दया और धर्म के महत्त्व का वर्णन कीजिए ।
4. समय के सदुपयोग के बारे में कबीर क्या कहते हैं?
5. कबीर के अनुसार ज्ञान का क्या महत्त्व है?
6. गुरु और गोविंद में से कबीर किसे चुनना चाहते हैं और क्यों ?
7. कबीर के अनुसार निन्दक को क्यों पास रखना चाहिए?
8. कस्तूरी मृग के द्वारा कबीर कौन सी सीख देते हैं ?
9. राम मिलन के बारे में कबीर के विचार स्पष्ट कीजिए ।
10. कबीर ने राम स्मरण का कौनसा सही मार्ग समझाया है?

III. ससंदर्भ भाव स्पष्टीकरण कीजिए ।

ससंदर्भ भाव स्पष्टीकरण के अंतर्गत कबीर के दस दोहों में से किसी भी एक दोहे का चयन संभव हो सकता है ।

◆ ◆ ◆ ◆

# 2. तुलसीदास के दोहे

I. एक शब्द या वाक्यांश या एक वाक्य में उत्तर लिखिए ।

1. तुलसीदास किस पर विश्वास करते हैं?
2. तुलसीदास किसको आराध्य देव मानते हैं?
3. संत का स्वभाव कैसा होता है?
4. तुलसीदास काया और मन की उपमा किससे देते हैं?
5. मधुर वचन से क्या मिटता है?
6. पंडित और मूर्ख एक समान कब लगते हैं?
7. तुलसीदास कहाँ जाने के लिए मना करते हैं?
8. बिना तेज के पुरुष की अवस्था कैसी होती है?
9. तुलसीदास के अनुसार जग से लोग किस संख्या की तरह नाता रखना चाहिए?
10. सुअंब तरू दूसरों के हित के लिए क्या देता है ?
11. तुलसीदास के अनुसार कौन से दो बीज हैं?
12. दूध के उफान को किससे मिटाया जाता है?
13. इस संसार में किस प्रकार के लोग हैं?
14. तुलसीदास किसका त्याग न करने के लिए कहते हैं ?
15. ब्याह और प्रीति किसके साथ करनी चाहिए?
16. किसकी अवज्ञा अवश्य होती है?

II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

1. तुलसीदास की रामभक्ति का वर्णन कीजिए।
2. तुलसीदास के अनुसार संत के स्वभाव का वर्णन कीजिए।
3. तुलसीदास ने मधुर वचन के महत्व का कैसे वर्णन किया है?
4. तुलसीदास के अनुसार मनुष्य के जीवन में संतोष धन का क्या महत्व है?
5. तुलसीदास कुल रीति के पालन करने के सम्बन्ध में क्या कहते हैं?
6. तुलसीदास ने छत्तीस अंक को लेकर अपना कौन सा मत प्रकट किया है?
7. ''जैसा कर्म वैसा फल'' इस बात को तुलसीदास ने कैसे स्पष्ट किया है?
8. तुलसीदास ने पंडित और मूर्ख की अलग पहचान कैसे बताई है?
9. तुलसीदास ने स्वाभिमान की रक्षा और स्नेह स्वागत के बारे में क्या कहा है?
10. तुलसीदास ने बुझी हुई आग का उदाहरण देकर क्या समझाया है?

III. ससंदर्भ भाव स्पष्टीकरण कीजिए ।

ससंदर्भ भाव स्पष्टीकरण के अंतर्गत तुलसीदास के दस दोहों में से किसी भी एक दोहे का चयन संभव हो सकता है । अतः भाव स्पष्टीकरण की दृष्टि से सभी दोहों का अध्ययन आवश्यक ।

◆ ◆ ◆ ◆

# 3. मीराबाई के पद

I. एक शब्द या वाक्यांश या एक वाक्य में उत्तर लिखिए ।

1. मीराबाई ने किसे अपना आराध्य माना?
2. मीराबाई ने किसके लिए सारा जग छोड़ा?
3. मीराबाई ने किसकी संगति में बैठकर लोक लाज छोड़ा?
4. मीराबाई ने कृष्णप्रेम को किससे सींचा?
5. विष का प्याला किसने भेजा था?
6. मीराबाई की लगन किसमें लगी है?
7. श्रीकृष्ण के चरणकमल कैसे हैं?
8. किसका घमंड नहीं करना चाहिए?
9. यह संसार किसका खेल है?
10. मीराबाई किन बंधनों को नष्ट करने की प्रार्थना करती हैं?
11. मीराबाई का मन किसे देखकर रोता है?
12. मीराबाई ने प्रेम मग्न होकर क्या पी लिया ?
13. देह किसमें मिल जाएगी?
14. कौन स्वयं को कृष्ण की दासी मानती है ।

II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

1. मीराबाई की कृष्णभक्ति का वर्णन कीजिए ।
2. मीराबाई ने जीवन के सार तत्व को कैसे अपना लिया?
3. मीराबाई ने जीवन की नश्वरता के बारे में क्या कहा है?
4. मीराबाई सांसारिक बंधन से क्यों मुक्ति चाहती है?
5. मीराबाई ने उनके ऊपर हुए अनाचारों का वर्णन कैसे किया है?
6. 'मीराबाई की भक्ति दैन्य एवं माधुर्य भाव की है' – इस कथन को स्पष्ट कीजिए ।

III. ससंदर्भ भाव स्पष्टीकरण कीजिए ।

ससंदर्भ भाव स्पष्टीकरण के अंतर्गत मीराबाई के दो पदों में से किसी भी चार या पाँच पंक्तियों का चयन संभव है ।

◆ ◆ ◆ ◆

# 4. शरणवचनामृत–अल्लमप्रभु, बसवेश्वर, अक्कमहादेवी

I. एक शब्द या वाक्यांश या एक वाक्य में उत्तर लिखिए ।

1. कनक, कामिनी और माटी को लोगों ने क्या कहा?
2. अल्लमप्रभु के आराध्य देव कौन थे?
3. बसवेश्वर के अनुसार ज्ञान से क्या दूर होता है।
4. ज्योति से क्या दूर होता है?
5. बसवेश्वर के आराध्यदेव का नाम क्या है?
6. सत्य से क्या दूर होता है?
7. पारस से क्या दूर होता है?
8. पर्वत पर बसा कर घर किससे नहीं डरना चाहिए?
9. हाट में बसा कर घर किससे नहीं डरना चाहिए?
10. जगत में जन्म लेने के बाद किससे नहीं डरना चाहिए?
11. अल्लमप्रभु माया का सही अर्थ क्या समझाते हैं?
12. कूडलसंगम देव के शरणों के अनुभाव से क्या छूट गया?
13. सागर किनारे घर बसाकर किनसे नहीं डरना चाहिए?
14. अक्कमहादेवी के आराध्य देव का नाम क्या है?

II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

1. अल्लमप्रभु देव ने माया के सम्बन्ध में क्या कहा है?
2. कविता में व्यक्त बसवेश्वर के विचारों को स्पष्ट कीजिए।
3. अक्कमहादेवी के अनुसार भवसागर में कैसे रहना चाहिए?
4. महात्मा बसवेश्वर का परिचय दीजिए।
5. शिवशरणी अक्कमहादेवी का संक्षिप्त परिचय दीजिए

III. ससंदर्भ भाव स्पष्टीकरण कीजिए।

ससंदर्भ भाव स्पष्टीकरण के अंतर्गत तीनों वचनों का चयन संभव है ।

◆ ◆ ◆ ◆

# 5. रसखान के सवैये

I. एक शब्द या वाक्यांश या एक वाक्य में उत्तर लिखिए ।

1. रसखान मनुष्य रूप में अगला जन्म कहाँ लेना चाहते हैं?
2. रसखान पशु रूप में जन्म लेने पर कहाँ रहना चाहते हैं?
3. रसखान पक्षी रूप में जन्म लेने पर किस डाली पर बसना चाहते हैं?
4. गोपी सिर पर क्या धारण करना चाहती है?
5. गोपी कृष्ण की मुरली कहाँ नहीं रखना चाहती?
6. रसखान पक्षी रूप में जन्म लेने पर किस डाली पर बसना चाहते हैं ?
7. गोपी गले में कौन-सी माला पहनना चाहती है ?
8. गोपी पितांबर पहनकर किसके संग घूमना चाहती है।

II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

1. रसखान ब्रजभूमि में क्यों जन्म लेना चाहते हैं?
2. गोपी क्या-क्या स्वांग भरती है?
3. गोपियों का कृष्ण के प्रति अनन्य प्रेम कैसा है?
4. रसखान ब्रज में किन रूपों में जन्म लेने की इच्छा प्रकट करते हैं ?

III. ससंदर्भ भाव स्पष्टीकरण कीजिए ।

इस प्रश्न के अंतर्गत रसखान के दोनों सवैयों का चयन संभव है ।

◆ ◆ ◆ ◆